झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) आकलन परीक्षा, 2022 के संबंध में आवश्यक सूचना

विज्ञप्ति संख्या – ....41..... / 2023

एतद् द्वारा सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) आकलन परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होनेवाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा की स्वच्छता एवं निष्पक्षता को देखते हुए सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों के **व्यवहृत ओ0एम0आर0 शीट** परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in/jac पर अपलोड कर दिया गया है। संबंधित परीक्षार्थी अपने **ओ0एम0आर0 शीट का अवलोकन** कर सकते हैं।

परीक्षा की **मानक उत्तर कुंजी (Answer key)** भी परिषद् के वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। जिसका परीक्षार्थी अवलोकन कर उत्तर का मिलान कर सकते हैं। उक्त उत्तर कुंजी में यदि किसी प्रकार की आपत्ति हो तो उस आपत्ति को **दिनांक 09.08.2023** को अपराह्न 5:00 बजे तक सिर्फ परिषद् के **ई–मेल jacparahelp@gmail.com** पर ही दर्ज कर सकते हैं। भेजी गई आपत्तियों को विषय–विशेषज्ञ की समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा एवं उनके द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम रुप से मान्य एवं बाध्यकारी होगा। **दिनांक 09.08.2023 के अपराह्न 5:00 बजे** के बाद किसी प्रकार की **आपत्ति स्वीकार नहीं की जा सकेगी।** ई–मेल के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम यथा– डाक/कुरियर या अन्य माध्यम से परिषद् को उपलब्ध कराई गई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। तत्पश्चात् अन्तिम रुप से संशोधित उत्तर कुंजी (Answer key) परिषद् के वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी।

JAC/जि0/2849/22/SECY/579/23.
Dt – 05/8/2023.
D.O.P – 06/8/2023.

अध्यक्ष के आदेश से,

सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

ज्ञापांक JAC/गो0/2849/22/SECY/579/23 दिनांक : 05/8/2023

विज्ञप्ति प्रेषित : मे0 आर0 डी0 एस0 मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाईजिंग ग्रुप, राँची को इस निर्देश के साथ कि न्यूनतम साईज में संलग्न विज्ञप्ति को (1) प्रभात खबर झारखण्ड, (2) दैनिक भास्कर झारखण्ड, (3) दैनिक जागरण झारखण्ड एवं (4) हिन्दुस्तान झारखण्ड के आगामी दिनांक 06.08.2023 के संस्करण में प्रकाशन सुनिश्चित करें। विज्ञप्ति प्रकाशनोपरान्त देयक की दो प्रतियाँ निर्धारित डी0ए0भी0पी0 दर पर परिषद् कार्यालय में भेज दें।

सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।